समझाइश देने के बाद भी सड़क बाधा करते हुए बिखेरा मलबा तो होगी कार्यवाही, निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने कैंप क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त लोकेश चंद्राकर निरंतर भिलाई निगम क्षेत्र के किसी भी वार्ड एवं मोहल्लों का निरीक्षण औचक रूप से कर रहे हैं। महापौर नीरज पाल ने स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई की परिकल्पना को लेकर अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 37 एवं वार्ड क्रमांक 35 तथा वार्ड क्रमांक 36 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कुछ स्थानों पर सड़कों पर निर्माण एवं विध्वंस से संबंधित सामग्री बेतरतीब तरीके से पड़ी हुई देखी। उन्होंने कहा कि पहले मलबा को हटाने समझाइश दे और उन्हें हटाने के लिए निर्धारित समय देवें। इसके बाद भी नहीं मानने वाले लोगों पर कार्रवाई करें। उल्लेखनीय है कि सड़कों पर मलबा पड़े होने के कारण आने-जाने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है , इधर दुर्घटना की संभावनाएं भी बढ़ जाती है तथा वाहनों का निकलना मुश्किल होता है। सकरी गलियों में खासकर इस प्रकार की समस्याएं मुखरता से आती है। वहीं शहर की सुंदरता पर भी प्रभाव पड़ता है तथा ऐसे मलबों में हानिकारक जीव जंतु भी छुपे हुए हो सकते हैं जो नुकसान पहुंचा सकते हैं तथा गंदगी का एक बड़ा सोर्स भी यह बन सकता है और मच्छर आदि को छुपने की जगह भी इन्हीं कारणों से मिलती है। घर के निर्मित होने के बाद भी कई लोगों के द्वारा इस प्रकार के बिल्डिंग मटेरियल को सड़क पर काफी दिनों तक रखा जाता है वही क्षतिग्रस्त एवं पुराने घरों को तोड़ने के बाद भी मलबों को ऐसे ही सड़कों पर डाल दिया जाता है। इन सभी कारणों से राहगीरों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है, सकरी एवं घनी बस्तियों में वाहनों का आवागमन मुश्किल हो जाता है , इन मलबा की वजह से नाली भी जाम हो जाती है और सफाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन सब वजह से निगमायुक्त ने मलबे को हटाने के सख्त निर्देश दिए हैं। आज निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 37 शीतला मंदिर चौक पर रखें खराब वाहन को हटवाने के निर्देश भी आयुक्त ने दिए तथा वार्ड क्रमांक 35 के मराठी मोहल्ला में जर्जर सुलभ शौचालय के संधारण करने के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 36 ठेठवार पारा तालाब के किनारे खटाल संचालकों को अपने घर के सामने सफाई रखने तथा मवेशियों को खुला नहीं छोड़ने एवं आवागमन प्रभावित नहीं करने की समझाइश दी। वही उन्हें एक फल दुकान वाले दुकानदार को प्लास्टिक कैरी बैग में समान देते हुए देखा , उन्होंने दुकानदार को प्रतिबंधित प्लास्टिक में समान नहीं देने की समझाइश दी , वही निगम के अधिकारियों ने पॉलिथीन की जब्ती बनाई। बीती रात्रि को भारी बारिश होने के कारण कुछ मोड़ वाले नालों में कचरा रुक रहा था जिसे उन्होंने सफाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता कृष्णा जंघेल , जोन स्वास्थ्य अधिकारी सुदामा परघनिया , स्वच्छता निरीक्षक वीरेंद्र बंजारे , सुपरवाइजर श्याम ठाकुर आदि मौजूद रहे।